# जालोर व सांचौर जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र में मतदान करवाने के लिए दल रवाना



जालोर जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने अंतिम प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत


जालोर संसदीय क्षेत्र में पोलिंग पार्टी मतदान करवाने के लिए रवाना हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 26 अप्रेल, शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए जालोर व सांचौर जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र में मतदान करवाने के लिए मतदान दल गुरूवार को जिला मुख्यालय से रवाना हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ की उपस्थिति में मतदान दलों को तृतीय प्रशिक्षण दिया गया और इसके पश्चात आवश्यक सामग्री का वितरण कर गंतव्य स्थलों के लिए रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है।

इसके सफल संपादन में मतदान दल प्रथम पंक्ति की भूमिका में है। सभी कार्मिक निष्पक्ष और पूर्णनिष्ठा के साथ कार्य कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मतदान दलों को आवश्यक सूचनाओं, मोबाइल नम्बर, बूथ लोकेशन, रूट मैप, कम्प्यूनिकेशन प्लान आदि की जानकारी दी गई हैं जिनकी सहायता से वे चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवा सकेंगे।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना, प्रशिक्षु आईएएस दिव्यांश सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जालोर प्रमोद सीरवी व अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रशिक्षण के सहायक प्रभारी जगदीश रामावत सहित निर्वाचन से जुड़ी अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

सामान्य पर्यवेक्षक दीपक सोनी तैयारी परखी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक दीपक सोनी ने गुरूवार को वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में चल रहे अंतिम प्रशिक्षण व मतदान दलों की रवानगी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने ईवीएम-वीवीपैट व सामग्री वितरण, मतदान दलों की रवानगी, परिवहन वाहनों की जीपीएस ट्रैंकिंग, मतदान दलों के रूट चार्ट व कम्युनिकेशन प्लान सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। लोकसभा आम चुनाव के लिए गुरूवार को पूरे उत्साह के साथ मतदान दल अपने गंतव्य स्थलों के लिए रवाना हुए। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से आहोर, जालोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दल रवाना हुए।

## जालोर संसदीय क्षेत्र में 2176 केन्द्रों पर होगी वोटिंग

जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 2176 मतदान केन्द्रों पर होगी वोटिंग : लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 2176 मतदान केंद्र बनाए गए हैं इनमें कुल 2125 मुख्य मतदान केंद्र तथा 51 सहायक मतदान केंद्र पर मतदान होगा। आहोर विधानसभा में 262 मतदान केन्द्र व 1 सहायक मतदान केन्द्र, जालोर विधानसभा में 258 मतदान केन्द्र व 5 सहायक मतदान केन्द्र, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र में 284 मतदान केन्द्र व 6 सहायक मतदान केन्द्र, सांचौर विधानसभा में 319 मतदान केन्द्र व 10 सहायक मतदान केन्द, रानीवाड़ा विधानसभा में 252 मतदान केन्द्र व 15 सहायक मतदान केन्द्र, सिरोही विधानसभा में 280 मतदान केन्द्र व 6 सहायक मतदान केन्द्र, पिण्डवाड़ा-आबू विधानसभा में विधानसभा में 210 मतदान केन्द्र व 2 सहायक मतदान केन्द्र तथा रेवदर विधानसभा में 260 मतदान केन्द्र व 6 सहायक मतदान केन्द्र बनाये गये है। सभी सहायक मतदान केन्द्र विद्यमान मतदान केन्द्र के भवन में स्थित है।

जालोर संसदीय क्षेत्र (18) में कुल 22 लाख 97 हजार 328 मतदाता हैं जिनमें से 12 लाख 5 हजार 535 पुरूष व 10 लाख 91 हजार 778 महिला तथा 15 थर्ड जेण्डर मतदाता है। जालोर व सांचौर जिले में कुल 1471800 मतदाता हैं जिनमें से 7 लाख 75 हजार 884 पुरूष व 6 लाख 95 हजार 912 महिला तथा 4 थर्ड जेण्डर मतदाता है तथा सिरोही जिले में कुल 825528 मतदाता हैं जिनमें से 4 लाख 29 हजार 651 पुरूष व 3 लाख 95 हजार 866 महिला तथा 11 थर्ड जेण्डर मतदाता है।

जालोर संसदीय क्षेत्र की आहोर विधानसभा में कुल 2 लाख 73 हजार 843 मतदाताओं में 143702 पुरूष, 130140 महिला व 1 थर्ड जेण्डर, जालोर विधानसभा में कुल 2 लाख 92 हजार 743 मतदाताओं में 154540 पुरूष, 138202 महिला व 1 थर्ड जेण्डर, भीनमाल विधानसभा में कुल 3 लाख 13 हजार 121 मतदाताओं में 165219 पुरूष, 147901 महिला व 1 थर्ड जेण्डर, सांचौर विधानसभा में कुल 3 लाख 17 हजार 867 मतदाताओं में 168355 पुरूष, 149512 महिला व रानीवाड़ा विधानसभा में कुल 2 लाख 74 हजार 226 मतदाताओं में 144068 पुरूष, 130157 महिला व 1 थर्ड जेण्डर मतदाता है।

इसी प्रकार सिरोही विधानसभा में कुल 3 लाख 8 हजार 102 मतदाताओं में 159717 पुरूष, 148383 महिला व 2 थर्ड जेण्डर मतदाता, पिण्डवाड़ा-आबू विधानसभा में कुल 2 लाख 29 हजार 963 मतदाताओं में 118635 पुरूष, 111327 महिला व 1 थर्ड जेण्डर मतदाता व रेवदर विधानसभा में कुल 2 लाख 87 हजार 463 मतदाताओं में 151299 पुरूष, 136156 महिला व 8 थर्ड जेण्डर मतदाता है।

## 8-8 महिला व युवा प्रबंधित तथा 1 दिव्यांग बूथ

समावेशी एवं सहभागी चुनाव के तहत जालोर व सांचौर जिले की सभी विधानसभाओं में 8-8 महिला व युवा प्रबंधित तथा 1 दिव्यांगों द्वारा विशेष प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जिसमें महिला, युवा व दिव्यांग मतदान की समस्त प्रक्रिया सुनिश्चित करवाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समावेशी और सहभागी चुनाव के तहत महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं आदि सभी श्रेणियों के मतदाताओं और सामान्य श्रेणी के मतदाताओं के बीच मतदाता जागरूकता पैदा करने के लिए जालोर व सांचौर जिले की पांचों विधानसभाओं में 8-8 महिलाओं व युवाओं एवं 1 दिव्यांगों द्वारा विशेष प्रबंधित मतदान केन्द्रों की व्यवस्था की गई है। आहोर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र सं. 120, 122, 123, 124, 125, 126, 127 व 128 को महिलाओं द्वारा प्रबंधित, मतदान केन्द्र सं. 113, 114, 115, 116, 129, 170, 171 व 172 को युवाओं द्वारा प्रबंधित तथा मतदान केन्द्र सं. 121 को दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है।

जालोर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र सं. 215, 218, 223, 228, 234, 237, 243 व 247 को महिलाओं द्वारा प्रबंधित, मतदान केन्द्र सं. 5, 70, 84, 113, 121, 124, 183 व 227 को युवाओं द्वारा प्रबंधित तथा मतदान केन्द्र सं. 240 को दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है। भीनमाल विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र सं. 141, 148, 151, 154, 157, 158, 161 व 163 को महिलाओं द्वारा प्रबंधित, मतदान केन्द्र सं. 8, 93, 106, 132, 138, 178, 217 व 254 को युवाओं द्वारा प्रबंधित तथा मतदान केन्द्र सं. 166 को दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है।

सांचौर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र सं. 285, 298, 300, 304, 308, 309, 312 व 313 को महिलाओं द्वारा प्रबंधित, मतदान केन्द्र सं. 50, 84, 101, 121, 134, 147, 152 व 299 को युवाओं द्वारा प्रबंधित तथा मतदान केन्द्र सं. 290 को दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है। रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र सं. 171, 172, 173, 175, 176, 177, 178 व 179 को महिलाओं द्वारा प्रबंधित, मतदान केन्द्र सं. 113, 114, 118, 125, 147, 170, 184 व 194 को युवाओं द्वारा प्रबंधित तथा मतदान केन्द्र सं. 174 को दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है।

लोकसभा आम चुनाव-2024 के प्रयोजनार्थ मतदाताओं की सुविधा एवं चुनाव को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन (1950), आचार संहिता के उल्लंघन, एजीआरएस व सी-विजिल पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निवारण के लिए डीओआईटी कार्यालय में जिला स्तरीय एकीकृत नियंत्रण कक्ष संचालित किया जा रहा है जो कि चुनाव समाप्ति तक कार्यशील रहेगा। नियंक्षण कक्ष के प्रभारी संग्राम राम देवासी ने बताया कि जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में वोटर हेल्पलाइन (1950) व चुनाव संबंधित शिकायतों के लिए फोन पर दर्ज करवाई जा सकती है तथा एमसीसी के उल्लंघन की ऑफलाइन शिकायत की जा सकती है।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण हटाने की मांग, ज्ञापन दिया

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के ग्राम पंचायत के बोकी डेरली के ग्रामीणों में स्कूल व गोचर भूमि से अतिक्रमण हटवाने को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि बोकी डेरली गांव में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से लगती हुई भूमि बच्चों के खेलने-कूदने पर मनोरंजन के काम आती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि पर स्कूल के नाम से मैदान बनाया जाए। लेकिन बापूडा निवासी देवाराम पुत्र हिदाजी रबारी 2-3 साल पूर्व खेत ठेके पर लेकर खेती-बाडी कर रहा था, खेती-बाडी के साथ ही उसने स्कूल के पास की सार्वजनिक गोचर भूमि पर अवैध कब्जा कर अपना हक अधिकार करने लगा। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार प्रशासन से कार्रवाई की मांग की लेकिन अब तक यह अवैध कब्जा हटाया नहीं गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इसको लेकर अनादरा थाने में देवाराम के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया था, जिस पर देवाराम ने पुलिस के समक्ष हाथा जोडी कर 4 महीने का समय मांगा और फसल पकने पर कब्जा छोडने की बात कही थी। जिस पर पुलिस ने सभी को 6 माह के लिए पाबंद किया था, लेकिन देवाराम ने इसकी भी पालना नहीं की और इस जमीन पर टीनशेड का निर्माण कर दिया और यहां पक्का निर्माण करने हेतु सामग्री इकट्ठा कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि देवाराम को सभी ग्रामीणों ने कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह झगडा फसाद करने व मरने मारने हेतु उतारू हो जाता है और हाथ में हमेशा लाठी लेकर घूमता है, जिससें कि जान का खतरा भी रहता है। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर कब्जा हटाने एवं पक्का निर्माण कार्य करने से रोकने की मांग की है।

### मरीज को राहत दी

**जोधपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री की अति महत्वकाशी योजना,मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना राजस्थान के अंतर्गत कमला नेहरू चेस्ट हॉस्पिटल , जोधपुर में मेडिकल ब्रोन्कोस्कोपी ( फाइबर ऑप्टिक ब्रोन्कोस्कोपी) द्वारा निःशुल्क जांच कर 2 महीने से कोलैप्स पड़े फेफड़े में फोरेन बॉडी ( सुपारी) निकाल कर निदान किया गया। अधीक्षक डॉ. सी. आर. चौधरी ने बताया की कमला नेहरू चेस्ट हॉस्पिटल में भर्ती बालोतरा निवासी गीता देवी पिछले 2 महीने से लगातार खांसी से ग्रस्त थी तथा उसकी सी. टी. स्कैन जांच में दाईं स्वांश नली में फोरेन बॉडी की संभावना बताई गई, इसलिए उस मरीज की सीनियर प्रोफेसर डॉ. सी. आर. चौधरी, की टीम द्वारा फाइबर ऑप्टिक वीडियो ब्रोन्कोस्कोपी(एफ ओ बी), नॉन इनवेसिव अंडर कॉन्शियस सीडेशन के तहत बिना बेहोश किए, द्वारा निशुल्क जांच कर स्वांश नली से फॉरेन बॉडी (सुपारी) को सफलतापूर्वक निकाला। साथ ही लगभग 20 एम एल मवाद भी निकाली गईं जिससे मरीज की स्वांश नली पूरी तरह खुल गई। इस इलाज से मरीज 2 महीने की परेशानी से मुक्त हुआ और एक्सरे में भी सुधार हुआ। अन्य डॉक्टर्स में डॉक्टर स्टैसी, डॉक्टर नंदलाल ,डॉक्टर स्मृति, डॉक्टर पूरण डॉक्टर लोकेश एवम ओटी स्टाफ नर्शिंग ऑफिसर नेरश, रशिक ने जांच में सहयोग किया। इसके लिए प्राचार्य एवम कंट्रोलर डॉक्टर एस एन मेडीकल कॉलेज जोघपुर रंजना देसाई ने सराहना की।

### अनिता बाकोलिया भाजपा में शामिल

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री नरपत सिंह राणावत के नेत्तव में और मण्डल अध्यक्ष हरीश लोहार की अध्यता में कांग्रेस से पूर्व जिला प्रमुख अनिता बाकोलिया के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर दुप्पटा पहना कर स्वागत किया। बाकोलिया ने बताया कि जो राम के नहीं हुए भला मैं उनकी कैसे हो सकती हूं। इस लिए मेने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जानकारी सोशल मीडिया जिला संयोजक पूरण राव ने दी। इस दौरान सरपंच अजबराम चौधरी,पूर्व जिला उपाध्यक्ष भीमा राम चौधरी, मण्डल मंत्री विष्णु जोशी,युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री दसरथ सोनी, उपाध्यक्ष प्रवीण ओड, इंदर खंडेलवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### असम के राज्यपाल कल जालोर आएंगे

**जालोर**, (कासं)। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया 27 अप्रेल प्रातः 11 बजे भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी पत्नी राजेंद्र सोलंकी के पुत्र की शादी पश्चात आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लेने के लिए जालोर उनके निवास स्थान पर पहुंचेंगे और वर वधु को आशीर्वाद देंगे एवं अपने परिचितों से भी वार्तालाप करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने बताया कि असम के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया पहले नाकोडा पहुंचकर दर्शन लाभ लेंगे। उसके पश्चात प्रातः 11 बजे तक शिवाजी नगर स्थित जिलाध्यक्ष सोलंकी के आवास पर आएंगे और कार्यकर्ताओं से वार्तालाप करेंगे। उसके पश्चात उदयपुर प्रस्थान करेंगे।

### सूखा दिवस की समय सीमा तय

**जालोर**, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने आदेश जारी कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के प्रावधानों के तहत जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से अर्थात 24 अप्रेल, 2024 को सायंकाल 6 बजे से मतदान दिवस 26 अप्रेल, 2024 को सायं 6 बजे तक मतदान समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित किया है।

## स्नेह मिलन 28 को

**जोधपुर**, (कासं)। श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के युवा संगठन श्री जैन रत्न युवक परिषद जोधपुर का स्नेह मिलन कार्यक्रम स्थानीय शाहीबाग चौपासनी रोड में 28 अप्रेल को होगा।

युवक परिषद के अध्यक्ष गजेंद्र चौपड़ा ने बताया कि प्रातः 9 बजे से सामूहिक सामायिक साधना एवं प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

# महाप्रबंधक अमिताभ ने भगत की कोठी डीजल शेड का निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ द्वारा अपने एक दिवसीय दौरे कार्यक्रम के अंतर्गत भगत की कोठी जोधपुर डीजल लोको शेड का निरीक्षण किया गया । यहां पर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे सर्वप्रथम डीजल लोको शेड का जायजा लिया और कार्यरत स्टाफ से उनके कार्य निष्पादन की जानकारी ली।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर कैरिज एंड वैगन अमित स्वामी द्वारा महाप्रबंधक को भगत कोठी जोधपुर में बन रहे वंदे भारत प्रोजेक्ट मेंटेनेंस डिपो की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

महाप्रबंधक मंडल रेल प्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीजल लोको मेंटेनेंस के रखरखाव और उपकरणों से जुड़ी महत्वपूर्ण पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

उपस्थित कार्यरत स्टाफ से बात की और रेल इंजनों की मरम्मत प्रक्रिया को देखा एवं आवश्यक सुरक्षा के दिशा निर्देश प्रदान किए।

महाप्रबंधक ने डीजल शेड के सभागार कक्ष में विधुत इंजन के रखरखाव से सम्बंधित कार्य वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो का वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली तथा विभिन्न परियोजनाओं, सुरक्षा एवं संरक्षा जुड़े कार्यों व प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई तथा उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर राजकुमार शर्मा द्वारा प्रजेंटेशन से कार्य की जानकारी दी गई।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक अमिताभ, डीआरएम पंकज कुमार सिंह एवं सीएमपीई वैभव सिंह द्वारा शेड परिसर में पौधरोपण किया गया।


इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक जोधपुर पंकज कुमार सिंह, सीएमपीई/एनडबल्यूआर वैभव सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर विनय टाक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजीत मीणा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर बिजली प्रवीण चौधरी , वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर डीजल शेड राजकुमार शर्मा एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नीरज डांगी ने आशीर्वाद दिया

**रेवदर**, ( निसं)। सिरोही जिले में देरोल निवासी देवाराम पुत्र वालाराम प्रजापत के निवास पर उनके पुत्र भरत कुमार की शादी समारोह में राज्य सभा सांसद नीरज डांगी सहित कांग्रेस के पदाधिकारियो के साथ पहुंच कर नवदम्पति को आशीर्वाददेकर उनके दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में कांग्रेस से ब्लॉक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी,ओमप्रकाश पालीवाल, पूर्व आबू पिण्डवाड़ा प्रत्याशी लीलाराम गरासिया, पूर्व महासचिव यूथ जालोर सिरोही हिमपाल सिंह देवल सहित गोविंद प्रजापत, टोलाराम प्रजापत, कैलाशकुमार आदि मौजूद रहे।

# गैबनशाह गाजी के उर्स में कव्वाली का कार्यक्रम हुआ



जालोर में गैबनशाह गाजी के सालाना दो दिवसीय उर्स में तकरीर का कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। हजरत गैबनशाह गाजी(र. अ.) का सालाना दो दिवसीय उर्स का आगाज बुधवार शाम को चादर शरीफ दरगाह में पेश कर हुआ। उसके बाद में देर शाम को दरगाह शरीफ परिसर में मिलाद शरीफ का प्रोग्राम का आयोजन किया गया। वहीं गुरुवार देर शाम कव्वाली का कार्यक्रम हुआ।

दरगाह गैबनशाह गाजी के उर्स को लेकर बुधवार शाम चादर जुलूस निकाला गया। चादर जुलूस में मलंगों ने कई करतब बताये। गाजो बाजो के साथ चादर जुलूस दरगाह शरीफ पहुंचा। जहां चादर पेश कर देश में अमन व चैन , भाईचारा की दुआ की। वही रात्रि मे मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ। जिसमें पीरे तरीकत मौलाना सैय्यद अब्दुल रब उर्फ चांद मियां बिलेहेरी शरीफ यूपी ने जोशीली तकरीर कर लोगों को कर्बला का वाकया सुनाया । उन्होंने नबी, हजरत अली,हजरत इमाम हुसैन, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के बारे में भी तकरीर पेश की। उन्होंने कहा कि हमको कर्बला पढना होगा, कर्बला समझना होगा, कर्बला को लेकर चलना होगा, आबरू के साथ जीने का नाम कर्बला है। प्रोग्राम मे पीरे तरीकत हजरत अल्लामा मौलाना सैयद मोहम्मद अली डीसा ने भी तकरीर पेश की और इस्लाम के बताये रास्ते पर चलने व दीन की बातें बताई। मशहुर नात ख्वा सिब्तेन रजा ने बेहतरीन नात शरीफ पेश की। वही नकीब ए हिंदुस्तान सैयद कौसर खलील साहब ने भी जलसे को खिताब किया। जलसा जैरे कयादत अल्लामा मौलाना रफीक आलम अशरफी जालोर और जेरी निजामत जालोर शहर के तमाम उलेमा का रहा। रिवाज के मुताबिक मेहमानों का गुलपोशी से इस्तकबाल किया गया। वहीं खानू खान बुधवाली एवं मुस्ताक मेडता और उनके साथ आये अतिथियों का भी गुलपोशी कर इस्तकबाल किया गया।

वहीं गुरूवार देर शाम कव्वाली प्रोग्राम हुआ। उर्स को लेकर दरगाह परिसर में जायरीनों की भीड नजर आई। इस अवसर पर दरगाह मुजावर साबिर बावजी, इरफान, आबादखां, शकूर खां,मुबारक खोखर, मुजफ्फर अली , आसिफ खोखर, अकरम मेवाती, सिराजखान, नाहिद अली मुज्जफर मंडोरी , यासीन लोहार, पिंटू पार्षद, सरफराज अली, ईमरान बैग, शहजाद खान, गुलजार अली आदि मौजूद थे।

## जे.डी.ए. ने हटाए पोस्टर एवं बैनर

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते की ओर से प्राधिकरण गैंट्रीज पर राजनैतिक पोस्टर व बैनरों को हटाने के लिए निरन्तर कार्यवाही की जा रही है।

लोकसभा आम चुनाव-2०24 के लिए लोकसभा क्षेत्र में बुधवार को चुनाव प्रचार-प्रसार समाप्ति के पश्चात् आदर्श आचार संहिता की अनुपालन में प्राधिकरण दस्ते ने सघन कार्यवाही करते हुए उम्मीदवारों को आवंटित एवं अनुमोदित स्थानों एवं अन्य स्थानों पर अवैध व अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टर, फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाया। उप सचिव एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी जेडीए कंचन राठौड एवं मुख्य नियंत्रक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता के निर्देशानुसार प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षण पश्चिम मय जेडीए दस्ते द्वारा राजनैतिक पोस्टर, बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही तेजी से की जा रही है।

## अवकाश घोषित

**जालोर**, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने जालोर व सांचौर जिले में 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि जालोर व सांचौर जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दिवस को अवकाश रहेगा।

# मतदान बूथों पर आकर्षक सजावट


जालोर में लोकसभा चुनाव को लेकर कई बूथों पर आकर्षक सजावट की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर मतदान केन्द्रों पर विशेष आकर्षक सजावट की गई है तथा लोकतंत्र में मतदान के महत्व को दर्शाने वाले पोस्टर-बैनर्स से मतदान केन्द्रों को सजाया गया है।

निर्वाचन विभाग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए नवाचार किया गया है जिसके तहत 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर हैप्पी आवर्स यानि सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले मतदाताओं से वृक्षारोपण करवाकर सम्मानित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ कि निर्वाचन विभाग के निर्देशनुसार 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर हैप्पी आवर्स यानि सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले मतदाताओं से वृक्षारोपण करवाकर सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले प्रथम 25 फर्स्ट टाइम वोटर्स को तथा अन्य मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले शुरूआती 20 फर्स्ट टाइम वोटर्स को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्वीप गतिविधि के तहत सोशल मीडिया के माध्यम से भी इन मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। इसके साथ ही, मतदान के लिए डिजिटल माध्यम से शपथ दिलाई जाकर, सर्टिफिकेट भी दिया जा रहा है। मतदान दिवस पर मतदान केंद्र पर सेल्फी पाइंट लगाए जाएंगे। मतदान के बाद यहां सेल्फी लेकर स्कैनर से सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट करने पर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बेस्ट सेल्फी को सम्मानित भी किया जाएगा।

इसी प्रकार नवविवाहित वर-वधु द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। संयुक्त परिवार की तीन पीढ़ियों, दादा-दादी, बेटा-बेटी और पोता-पोती द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर भी सम्मानित किया जाएगा। निर्वाचन विभाग द्वारा 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों पर पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया सहित विशेष योग्यजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए वॉलंटियर की नियुक्ति, रैम्प, व्हीलचेयर और परिवहन की सुविधाएं की गई है। साथ ही विशेष योग्यजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए कतार से इतर प्राथमिकता के आधार पर मतदान करवाया जायेगा।

मतदान केंद्रों पर वोटर हैल्प डेस्क का गठन कर मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम, मतदाता क्रमांक की जानकारी दी जाएगी। वोटर हेल्पलाइन, सी-विजिल और केवाईसी एप के बारे में जागरूक किया जाएगा। मतदान केंद्रों पर स्थानीय शुभंकर के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश भी दिया जाएगा। 26 अप्रेल को प्रातः 7 बजे से हेला-टोली के सदस्य मतदाताओं को मतदान करने का याद दिलाने के लिए गांव के मुख्य मार्गों, चौराहों, चौहटों व गलियों में जाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं से अपील कर उन्हें मतदान के लिए जागरूक करेंगे।